राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## 'राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी मिले'

## 'राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख कार्य करने का किया आह्वान'

जयपुर, 13 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के छह सदस्यीय दल ने मुलाकात की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों श्री अवहद निवृत्ति सोमनाथ, श्री गौरव बुड़ानिया, श्री जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर, श्री रवि कुमार, सुश्री रिया डाबी और श्री सलुंखे गौरव रवीन्द्र को शुभकामनाएं देते हुए जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने पदेन कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन का आह्वान किया।

हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक श्री  सुधांश पंत ने राज्यपाल श्री मिश्र को इन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी दी।

———

## हिन्दी दिवस पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

जयपुर, 13  सितम्बर।  राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री मिश्र ने कहा कि  हिन्दी भाषा हमारे देश की पहचान और सम्मान है। यह भारतीय संस्कृति और हमारे गौरव से जुड़ी भाषा है।  औपनिवेशिक काल में आजादी की ललक जगाने और स्वाधीनता सेनानियों से आमजन को जोड़ने में हिंदी साहित्य और पत्र–पत्रिकाओं का अद्वितीय योगदान रहा है। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में हिन्दी भाषा के योगदान को जनमानस में व्यापक रूप से रेखांकित किए जाने का  आह्वान किया है।

————————